Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 13-03-2007

Participants : Mahto Shri Tek Lal

>

Title: Need to conduct an enquiry into alleged irregularities committed by Progressive Construction Limited Company in Jharkhand.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : महोदय, मैं सदन के माध्यम से अति लोक महत्व की समस्या पर ध्यान आकृट करते हुए कहना चाहता हूँ कि झारखंड राज्य स्थित धनबाद जिला NH-2 के तोपचांची मदैडीह स्थित प्रोग्रेसिव कन्सट्रक्शन लिमिटेड को सड़क निर्माण हेतु ठेका दिया। उक्त कम्पनी ने वहां की कई स्थानीय कम पूंजी वाली शक्ति इंटरप्राइजेज, गणेश ऑटोमोबाइल आदि कम्पनियों से ट्रांसपोटिंग एवं डीजल, मोबिल की सप्लाई उधार ली, किन्तु पीसीएल ने इन कम्पनियों के लाखों रूपए का भुगतान आज तक नहीं किया है। इसके फलस्वरूप झारखंड राज्य की इन छोटी-छोटी कंपनियों की आर्थिक हालत काफी खराब हो गयी है और कम्पनियों में कार्यरत मजदूर भुखमरी की स्थिति में पहुंच गए हैं। पीसीएल कंपनी ने इन कंपनियों के अलावा और दूसरी कंपनियों से करोड़ों की हेराफेरी की है।

---

* Not recorded

अतः सदन के माध्यम से मेरा आग्रह है कि माननीय मंत्री भूतल परिवहन द्वारा पीसीएल कंपनी में की गयी हेराफेरी की जांच कराते हुए प्राथमिकता के आधार पर बकाया राशि का भुगतान अविलम्ब कराया जाए।

MR. CHAIRMAN: Mr. Kharventhan, where were you? You mention about the language issue only. The only point is that the Madras High Court will transact business in Tamil.